छोटे वित्तीय संस्थानों की बकाया ऋण राशि का मई माह में आया सुधार

● मुंबई / आरएनएन

सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) की परिसंपत्ति गुणवत्ता (एसेट क्वालिटी) में मई के दौरान सुधार दर्ज किया गया है। कर्ज संबंधी आंकड़े जुटाने वाली कंपनी क्रिफ हाई मार्क की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश श्रेणियों में बकाया ऋण (डिलिंक्वेंसी) में कमी आई है। हालांकि पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और राजस्थान अब भी ऐसे राज्य हैं, जहां कर्ज चुकाने में चूक का स्तर राष्ट्रीय औसत से अधिक बना हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मई में 1 से 30 दिन तक बकाया रहने वाले कर्ज कुल 3.33 लाख करोड़ रुपये के ऋण पोर्टफोलियो का 0.6 प्रतिशत रहे, जबकि अप्रैल में यह 0.8 प्रतिशत था। इसी तरह, 31 से 180 दिन तक बकाया रहने वाले कर्ज का अनुपात घटकर 1.6 प्रतिशत रह गया, जो एक महीने पहले 1.7 प्रतिशत था। मई में एमएफआई का सकल ऋण पोर्टफोलियो मासिक आधार पर 0.7 प्रतिशत बढ़कर 3.33 लाख करोड़ रुपये हो गया।

एफएमसीजी कंपनियों ने टाली अपने उत्पादों की कीमत बढ़ाने की योजना

मांग बनाए रखने पर फोकस, फिलहाल ग्राहकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेंगी कंपनियां

● नई दिल्ली / आरएएन

दैनिक उपभोक्ता वस्तु (एफएमसीजी) क्षेत्र की कंपनियों ने फिलहाल अपने उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला टाल दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से कच्चे माल की लागत पर दबाव कम हुआ है, जिससे कंपनियों को राहत मिली है। इसके साथ ही कंपनियां बिक्री की रफ्तार बनाए रखने के लिए भी उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने से बच रही हैं।

उद्योग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें भू-राजनीतिक तनाव से पहले के स्तर के आसपास बनी रहती हैं, तो नई मूल्य वृद्धि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे पहले लागत बढ़ने के कारण कई कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाए थे।

वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी हुई है। वहीं, सितंबर से लागू जीएसटी सुधारों का लाभ भी ग्राहकों तक पहुंचाया गया है, जिससे एफएमसीजी क्षेत्र में मांग और बिक्री में सुधार देखने को मिल रहा है।

तेल की कीमतों में नरमी है वजह

बालाजी वेफर्स के संस्थापक एवं निदेशक चंदू विरानी ने बताया कि कंपनी छोटे पैक का वजन घटाने और बड़े पैक के दाम बढ़ाने पर विचार कर रही थी, लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने के बाद इस योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इसी तरह पार्ले प्रोडक्ट्स ने भी बढ़ती लागत के बावजूद कीमतें बढ़ाने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। कंपनी के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बाद फिलहाल किसी भी उत्पाद के दाम बढ़ाने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। उनके अनुसार, अधिकांश एफएमसीजी कंपनियां भी फिलहाल मूल्य वृद्धि को लेकर जल्दबाजी के पक्ष में नहीं हैं। उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी का असर मई से दिखाई देने लगा था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में कंपनियां लागत का दबाव खुद वहन कर बाजार में मांग बनाए रखने की रणनीति पर काम कर रही हैं।

एयरपोर्ट इंफ्रा में 2029 तक होगा 4.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश

साख निर्धारक एजेंसी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की रिपोर्ट

● मुंबई / एजेंसी

तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र और इसे बढ़ावा देने की सरकार की योजना से देश में साल 2029 तक हवाई अड्डों की अवसंरचना पर 4.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। साख निर्धारक एजेंसी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 तक घोषित या निर्माणाधीन परियोजनाओं का मूल्य 3.7 लाख करोड़ रुपये हैं। इसके अलावा साल 2029 तक पूरी होने वाली परियोजनाओं का मूल्य 0.5 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2025-26 में इस सेक्टर में भारी पूंजीगत निवेश हुआ। चालू वित्त वर्ष में भी यही क्रम जारी रहने की उम्मीद है।

100 हवाई अड्डे, 200 नए हेलीपोर्ट बनेंगे

रिपोर्ट में केंद्र सरकार की नयी उड़ान योजना का भी जिक्र किया गया है जिसके तहत अगले 10 साल में 100 नये हवाई अड्डों और 200 नये हेलीपोर्ट के विकास की योजना है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स ने कहा है कि सरकार ने वित्त वर्ष 2035-36 तक इस पर 28,800 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की घोषणा की है। साथ ही पूरी तरह से नये हवाई अड्डों के विकास की परियोजनाओं पर शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने से इस क्षेत्र को गति मिल रही है।

Bank of India
रिश्तों की जमापूंजी
Relationship beyond banking

आंचलिक कार्यालय स्टार हाउस, प्लॉट 9-आरसी, स्कीम नं. 134, एम. आर. - 10, स्टार चौराहे के पास, इन्दौर 452010, फोन 2445134-117-186

सूचना

(वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस (सरफेसी एक्ट)

बैंक ऑफ इंडिया, के माध्यम से प्राप्त किया गया ऋण जो कि एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्न वर्णित ऋणीयों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत निम्न वर्णित दिनांक को पंजीकृत डाक पावती/स्पीड पोस्ट सहित द्वारा आप सभी को भेजी गई थी। जो कि प्राप्तकर्ता उपलब्ध नही होने के कारण/अस्वीकृत कर देने के कारण वापस कर दी गई थी। निम्न वर्णित मांग सूचना दिनांक **10.04.2026** में हमने इस आशय को स्पष्ट कर दिया है कि यदि आपके द्वारा सूचना में दर्शाई राशि **60** दिन के अंदर जमा नही कराई गई तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक संपत्ति जो कि निम्नलिखित ऋणी व जमानतदार के नाम है, उसका आधिपत्य ले लिया जाएगा। बकाया राशि का उल्लेख निम्नानुसार है।

क्रं.	ऋणीयों के नाम व पता	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि	संपत्ति का विवरण
1.	**श्रीमती सारिका परचानी पति इंदर लाल परचानी (उधारकर्ता-बंधककर्ता) श्री इंदर लाल परचानी पिता डालूमल परचानी (जमानतदार), दोनो का पता:** प्लॉट नंबर 87 गिरिराज विला कॉलोनी पटवारी हल्का नंबर 11, ग्राम सिंदोदा जिला इंदौर (म.प्र.)	मांग सूचना दिनांक 10.04.2026 **32,76,056.20** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	साम्यिक बंधक संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश बिल्डिंग सहित भूमि, शेड और निर्माण प्लॉट नंबर 87 गिरिराज विला, पटवारी हल्का नंबर 11, ग्राम सिंदोदा, जिला इंदौर (म.प्र.), कुल प्लॉट क्षेत्रफल 750.00 वर्ग फुट, **चतुर्सीमा:- पूर्व-** प्लॉट नंबर 77, **पश्चिम:-** सड़क, **उत्तर:-** प्लॉट नंबर 88, **दक्षिण:-** प्लॉट नंबर 86

अतः आप सभी को सुझाव दिया जाता है कि (1) उक्त मांग सूचना पत्र/लिफाफा जो कि आप को **बैंक ऑफ इंडिया** द्वारा प्राधिकृत डाक द्वारा भेजा गया था। आप नोटिस की कॉपी बैंक से प्राप्त कर ले ताकि आपको सूचना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाये एवं (2) मांग सूचना में दर्शाई गई बकाया राशि ब्याज एवं अन्य खर्च आदि सहत आज से **60 दिनों** के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम मे तहत अग्रिम कार्यवाही से बचा जा सकें।

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 30.06.2026 प्राधिकृत अधिकारी, **बैंक ऑफ इंडिया**

बिजनेस न्यूज

वृंदा के दर्दभरे सफर पर प्रियांशी यादव बोलीं हर महिला को ये हक मिलना चाहिए

इंदौर। जी टीवी का नया फिक्शन शो तू ही रे दिल में शुरू हुए अभी एक हफ्ते से थोड़ा ही ज्यादा समय हुआ है, लेकिन अपनी दिलचस्प कहानी और जज्बात से दर्शकों का दिल जीतना शुरू कर दिया है। खास तौर पर संजय के रोल में अबरार काजी, वृंदा के किरदार में प्रियांशी यादव और स्वाति के रोल में सिमरन रावल की दमदार परफॉर्मेंस दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में दिखाया गया है कि वृंदा की सौतेली मां को पता चलता है कि लोग उसे परिवार की किस्मत की देवी मानते हैं। इस भावुक ट्रैक के बारे में बात करते हुए वृंदा का किरदार निभा रहीं प्रियांशी यादव ने बताया कि यह कहानी आज भी समाज की उस सच्चाई को सामने लाती है, जहां कई लड़कियों और महिलाओं से उनकी पसंद और उनकी जिंदगी के फैसले लेने का हक छीन लिया जाता है।

यूरोग्रिप टायर्स ने किया यूरोपीय विशेषज्ञता का प्रदर्शन, भारतीय व्यापार को होगा विशेष लाभ

इंदौर। यूरोग्रिप टायर्स, टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड की एक प्रमुख 2 और 3-व्हीलर टायर ब्रांड, ने इंदौर में एक व्यापार जुड़ाव कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में ब्रांड की यूरोपियन इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और यूरोप से प्रेरित नवीनतम उत्पाद रेंज का प्रदर्शन किया गया। संचालन करते हुए, सिल्वियो मोंटानारी, डिज़ाइन हेड एवं आरएण्डडी, मिलान ने कंपनी के उत्पाद विकास दर्शन, उभरती टायर टेक्नोलॉजियों और इंजीनियरिंग क्षमताओं के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं, जो यूरोग्रिप के ग्लोबल टायर पोर्टफोलियो का एक एहम हिस्सा हैं। व्यापार साझेदारों को अगली पीढ़ी के टायरों के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान की गई। यूरोग्रिप टायर्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर टी.के. रवि ने कहा, आज यूरोग्रिप विश्व भर में टू-व्हीलर टायरों के एक विशेष ब्रांड के रूप में पहचाना जाता है, साथ ही भारत और विदेशों के बाइकिंग समुदायों में हमारी प्रीमियम रेंज के टायरों को काफी पसंद किया गया है।

कलर्स पर जूही मुई एक दिल छू लेने वाली कहानी

इंदौर। कहते हैं, हर दिमाग अपनी तरह से चमकता है। ऐसे समय में जब समाज व्यक्तिगतता का जश्न मनाता है लेकिन उसे समझने में अक्सर संघर्ष करता है, कलर्स लेकर आ रहा है जूही मुई एक दिल छू लेने वाली कहानी एक युवा ऑटिस्टिक लड़की की, जो ऐसे संसार में जी रही है जो उसे लगातार कम आंकता है। कहानी के केंद्र में है जूही सूरी एक तेज़ और उज्ज्वल युवती, जिसकी दुनिया को देखने का अनोखा तरीका उसकी सबसे बड़ी ताकत भी है और चुनौती भी। ईशा सिंह के मुख्य किरदार वाली जुही मुई में संजय सूरी पिता राजेंद्र सूरी के रूप में, सई देवधर सुचित्रा सूरी के रूप में, अयूब खान उत्तम सूरी के रूप में, कुशाग्र घुगे करण सूरी के रूप में और विजयेंद्र कुमेरिया इंस्पेक्टर सन्यम सिंह के रूप में नजर आएंगे। जुही मुई का प्रीमियर 29 जून को होगा,यह शो हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे सिर्फ कलर्स और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

सुमित कुमार ने याद किया किशोर कुमार को

इंदौर। इंडियन आइडल ने महान गायक किशोर कुमार को एक भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जब उनके बेटे, सुमित कुमार, अपने पिता की सदाबहार संगीतमय विरासत का जश्न मनाने और यादों को साझा करने के लिए मंच पर आए। सुमित कुमार ने कहा, इंडियन आइडल ऐसा मंच रहा है जहां आवाजें और भावनाएं एक साथ आती हैं। एपिसोड में आगे, जब प्रतियोगी मनराज ने सदाबहार क्लासिक गाने ईना मीना डीका पर एकपरफॉर्मेंस दी, तो इस गाने ने सुमित के बचपन की खूबसूरत यादें ताजा कर दीं, जिन्होंने अपने पिता किशोर कुमार को मंच पर इसे लाइव गाते हुए देखने के दिनों को याद किया। सुमित ने साझा किया, मेरी इस गाने की याद... बचपन में भैया और बाबा दोनों यह गाना स्टेज पर परफॉर्म करते थे। तो यह गाना मुझे बहुत याद आता था। और एक गाना था, एक चतुर नार, जिसमें यह प्लान नहीं होता था। इंडियन आइडल का यह खास एपिसोड देखना न भूलें।

अमेजन.इन पर लेगो की सर्च में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी

इंदौर। अमेजन.इन ने लेगो सर्च में साल-दर-साल 50 प्रतिशत के उछाल की घोषणा की है, जिसका नेतृत्व प्राइम मेंबर्स कर रहे हैं, जो कुल मांग में 85प्रतिशत का योगदान देते हैं। वे अमेजन.इन पर लेगो की इस रफ़्तार को आगे बढ़ा रहे हैं। प्राइम डे 2026 से पहले,अमेजन.इन एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर अपने अब तक के सबसे बड़े लेगो समर कलेक्शन के साथ अपनी तैयारी को दोगुना कर रहा है। स्टार वॉर्स और मार्वल से लेकर हैरी पॉटर, फास्ट एंड फ्यूरियस स्पीड चैंपियंस और एक फुटबॉल सीजन कलेक्शन 100 से अधिक नए सेट्स अब उपलब्ध हैं। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर - होम, किचन एंड आउटडोर्स, अमन लोहान ने कहा, अमेजन.इन पर लेगो वास्तव में एक क्रॉस-जेनरेशनल ब्रांड के रूप में विकसित हुआ है। द लेगो ग्रुप की कंट्री मैनेजर - इंडिया, भावना मंडन ने कहा, भारत में लेगो प्रोडक्ट्स को मिला रिस्पॉन्स सभी आयु समूहों में हैंड्स-ऑन क्रिएटिविटी की बढ़ती अपील को दर्शाता है।

वेलकम टू द जंगल के साथ डॉ.ऑर्थो की खास साझेदारी

चंडीगढ़। बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल और आयुर्वेदिक ब्रांड डॉ. ऑर्थो के बीच विशेष ब्रांड साझेदारी की गई है। फिल्म के प्रचार अभियान के दौरान कलाकारों ने मनोरंजन के साथ स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का संदेश भी दिया।

निर्देशक अहमद खान की इस फिल्म में अभिनेता अक्षय कुमार सहित 30 से अधिक कलाकारों की बड़ी स्टारकास्ट नजर आ रही है। प्रमोशन के दौरान कलाकारों ने कहा कि जीवन की भागदौड़ और चुनौतियों के बीच मजबूत कदम ही हर सफर को आसान बनाते हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. ऑर्थो के एक्यूप्रेशर स्लीपर और शूज पैरों को आराम, नई ऊर्जा और मजबूती देने में सहायक हैं।

इस अवसर पर उद्यमी एवं निवेशक डॉ. संजीव जुनेजा ने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वेलकम टू द जंगल दर्शकों को हंसी, मनोरंजन और सकारात्मक ऊर्जा से भर देने वाली फिल्म है।

सुनीता आहूजा की ईमानदारी आई सबके सामने

इंदौर। नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अप: सच या सजा में मुश्किल टास्क, चौंकाने वाले खुलासों और गर्मागर्म तकरार के बीच एक इनमेट् ने अपनी भावनाशीलता और दयालुता से सभी का दिल जीतना शुरू कर दिया है। शिवांगी जोशी के साथ एक भावुक बातचीत में सुनीता आहूजा हर्षद चोपड़ा की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाई। उन्होंने हर्षद को बहुत प्यारा और नेकदिल इंसान कहा। उन्होंने यह भी बताया कि जब भी हर्षद को उनकी जरूरत महसूस होती है, तो वो उनसे केवल एक कॉल की दूरी पर होती हैं। इसे केवल हर्षद और शिवांगी ने ही महसूस नहीं किया। श्रेया कालरा और सूफी मोतीवाला ने भी सुनीता के साथ एक बातचीत में उनके केयर करने वाले स्वभाव को महसूस किया। इस बात पर सभी सहमत हैं कि लॉक अप में सुनीता अपना मूल स्वभाव लेकर आई हैं। उनमें कोई दिखावा नहीं है। लॉक अप: सच या सजा की स्ट्रीमिंग रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर हो रही है।

इंदौर में बने डुवेट कवर शिकागो तक पहुंचे

इंदौर। इंदौर में बने डुवेट कवर शिकागो के एक प्रीमियम बेडरूम तक पहुँच रहे हैं। करन सिंह द्वारा स्थापित प्रीमियम कॉटन बेडिंग ब्रांड, ईबेडी लिनेन रोज अपने प्रोडक्ट्स को एक्सपोर्ट कर रहा है। इंदौर स्थित यह माईक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राईज (एमएसएमई) एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग की मदद से एक क्षेत्रीय स्टार्टअप से एक ग्लोबल बिजनेस में बदल गया है, जिसके पास 200 से अधिक फुलफिल्ड बाय एमेजॉन (एफबीए) एसकेयू हैं। यह मध्यप्रदेश में 50 से अधिक लोगों को स्थानीय रोजगार दे रहा है। विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर छोटे व्यवसायों की भूमिका को उजागर किया जा रहा है। इन्हीं व्यवसायों में से एक है ईबेडी लिनेन, जिसने दिखा दिया है कि भारतीय डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड किस प्रकार एक्सपोर्ट की बाधाओं को पार करके विश्व का भरोसा जीत सकते हैं।

पश्चिम रेलवे
टीआरडी कार्य
सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (सब), वेस्टर्न रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008. **ई-टेंडर नोटिस नंबर:** WR-MMCTOESUB (ESOT)/7/2026 मंगाता आमंत्रित कर रहे हैं। **कार्य का नाम:** वसई रोड-TRD वर्क, जो UP DIVA और DN DIVA के अनरेगुलेटेड OHE को रेगुलेटेड OHE में बदलने और ट्रैक को उठाने के प्रस्ताव से जुड़ा है। **काम की अनुमानित कीमत:** रू. 5,02,09,327/- **बिड सिक्योरिटी:** रू. 10,04,200/-। **जमा करने की तारीख और समय:** 24.07.2026 को 15:00 बजे तक बताए गए तरीके से। **खोलने की तारीख और समय:** 24.07.2026 को 15:30 बजे। **वेबसाइट की जानकारी:** टेंडर को वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा और जमा किया जा सकता है। 0313
हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: **ई-टेंडरिंग : RTM-2026-27-16R कार्य का नाम:** Zone No 15 FTD (Excluding) to Indore station, km 475.130 to 495.700 & and Rau - Tihi section. K.M. 00.00 to 08.77 K.M service building and Railway colonies. **अनुमानित लागत:** Rs.2,14,09,484.72 **बयाना राशी :** Rs.4,28,200.00 **कार्य समापन अवधि:** 12 Months. Any Civil Engineering Work **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:** 27.06.2026 **निविदा खुलने की तिथि:** 20.07.2026 विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।
Apex/117
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
अहमदाबाद मण्डल
शुद्धिपत्र
ई-निविदा सूचना सं. 1, 2026-27 में शुद्धिपत्र
निविदा सं. CWMCPOHADI2026-27-3
कार्य का नाम : CPOH अहमदाबाद अंतर्गत 120 ट्रैक मशीनो की 03 वर्ष के लिए POH संबंद्ध मरम्मत । **संशोधित विज्ञापन NIT लागत :** ₹ 1,35,86,57,615.03/- **संशोधित ईएमडी लागत रु. में:** ₹ 2,71,73,200.00/- **संशोधित निविदा बंद होने एवं निविदा खुलने की तारीख:** दिनांक 31/07/2026 को 15:00 बजे एवं दिनांक 31/07/2026 को 15:15 बजे, **IREPS पर निविदा अपलोड करने की तारीख:** 09/06/2026, **शुद्धिपत्र जारी करने की तारीख: 27/06/2026** ADI-083
हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-नीलामी सूचना
पे एंड यूज टॉयलेट्स
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने लक्ष्मीबाई नगर, देवास (प्लेटफोर्म), राजेंद्र नगर, नीमच, नागदा (प्लेटफोर्म), खाचरोद एवं मेघनगर रेलवे स्टेशन स्थित पे एंड यूज टॉयलेट्स के लिये ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं. :** PnU-RTM-26-06 **अनुबंध का प्रकार :** पे एंड यूज टॉयलेट्स **लॉट नं. :** PnU-RTM-LMNR-Toi-54-26-1, PnU-RTM-DWX-Toi-33-24-1, PnU-RTM-RJQ-Toi-12-22-1, PnU-RTM-NMH-Toi-44-25-1, PnU-RTM-NAD-Toi-37-24-1, PnU-RTM-KUH-Toi-38-25-1, PnU-RTM-MGN-Toi-36-24-2 (पे एंड यूज टॉयलेट्स) **अनुबंध की अवधि**-03 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिये ई-नीलामी दिनांक 13/07/2026 को 11.00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।
Apex/115
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

जाहिर सूचना
भूखण्ड/भवन क्र. 195, सिंगापुर टाउनशिप, तलावली चांदा, इन्दौर बाबद ।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखण्ड श्री सुनिल कुमार पिता रामकुशल एवं श्रीमती सरस्वती देवी पति श्री रामकुशल गोंड ने पंजीकृत विक्रय लेख दिनांक 15/02/2023 के द्वारा क्रय किया पश्चात् उक्त भूखण्ड पर भवन निर्माण करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक एच. एल.सी. - ।।
जी.पी.ओ. इन्दौर से गृहऋण प्राप्त किया, ऋण अवधि के दौरान श्रीमती सरस्वती देवी पति श्री रामकुशल गोंड का स्वर्गवास ग्राम डिहवा जिला बलिया (उ.प्र.) में दिनांक 03/10/2025 को निर्वसियती हो गया। यह कि. श्रीमती सरस्वती देवी गोंड के स्वर्गवास पश्चात् उनकी मालकी के 50 प्रतिशत भाग पर उनके पति श्री रामकुशल, श्री अनीश कुमार एवं सुनिल कुमार ने वारिस नाते कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर के अभिलेख में दिनांक 20/05/2026 को नाम दर्ज करवाया। वर्तमान में हमारे पक्षकार बैंक में श्री सुनिल कुमार, श्री रामकुशल एवं श्री अनीश कुमार द्वारा उपरोक्त भूखण्ड एवं उस पर निर्मित भवन पर टॉप-अप ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि उपरोक्त भूखण्ड एवं उस पर निर्मित भवन के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था या निकाय की आपत्ति, वाद-विवाद हो अथवा अन्य कोई वैधानिक उत्तराधिकारी हो अथवा किसी प्रकार का भार, बोझा, डिक्री, कब्जा, आदि हो अथवा उपरोक्त भूखण्ड एवं उस पर निर्मित भवन के संबंध में कोई न्यायालयीन प्रकरण लंबित हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति एवं प्रमाण मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद हमारे पक्षकार बैंक उक्त वर्णित भूखण्ड एवं उस पर निर्मित भवन पर आवेदनकर्ता को टॉप-अप ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे। बाद मियाद किसी की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सो विदित होवे।
धीरज गडनीस एडव्होकेट
309, क्लर्क कॉलोनी, इन्दौर
मो. 9425059594, 9039059594

ई-नीलामी सूचना
अग्नि प्रभावित लगभग 70,000 किया मवन कबाड़
इच्छुक खरीदारों को "प्रति किया" आधार पर "अग्नि प्रभावित लगभग 70,000 किया मवन कबाड़" के निपटान के लिए ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह बचा हुआ सामान "जैसा है, जहां है", "जो भी है" और "कोई शिकायत नहीं" के आधार पर बेचा जाएगा और यह **मेसर्स रामावतार सत्यनारायण** का है। इस सामान की जांच 157/4, 157/7, एमगिर्द, संजय साईजिंग के पास, गुरूद्वारा के पीछे, बुरहानपुर - 450331 में **30-06-2026 से 08-07-2026** के बीच **सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे** के बीच सिर्फ कार्य दिवसों में की जा सकती है। जांच के लिए कृपया **श्री मनीष पोद्दार से 8770628750 या श्री विशाल मखारिया से 9827454034** पर संपर्क करें।
ई-नीलामी 09-07-2026 को आयोजित की जाएगी।
ई-नीलामी के नियम और शर्तों वाला फॉर्म प्राप्त करने के लिए कृपया श्री अनूप कुमार से 8928293156 पर संपर्क करें या निम्न वेबसाइट से डाउनलोड करें।
https://www.sealthedeal.co.in/
नीलामीकर्ता: सील द डील, पंजीकृत कार्यालय पांचवां तल, कार्यालय संख्या 2, किंग्स मॉल, रोहिणी सेक्टर 10, दिल्ली-110085 में स्थित है।
फॉर्म और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि 08-07-2026 है।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-निविदा सूचना
वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यों के लिए खुली ई-निविदा संख्या **GEM/ 2026/B/7717573** के विरुध्द अंतिम तिथि **22.07.2026 14:00** बजे (Double पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बिड जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुध्द मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण-वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस मे नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एवं स्थान:** आर.डी.एस.ओ. पत्र संख्या MC/LHB/Brake दिनांक 10.06.2024 के अनुसार एलएचबी कोचों में "D3 शिब्यूल" के दौरान ब्रेक डिस्क एवं कैलिपर की एडवांसड मशीनीकृत गहन जंग हटाने तथा एंटी-रस्ट कोटिंग का कार्य, एसपीएम (स्पेशल पर्पज मशीन) के माध्यम से, ताकि ऊष्मा अपव्यय, सर्विस लाइफ एवं रोलिंग स्टॉक की रिलायबिलिटी में वृध्दि की जा सके, कोचिंग डिपो IND एवं DADN में 18 माह की अवधि हेतु। **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs.1,95,45,048/- **बयाना राशि:** Rs. 2,47,730/- **समापन अवधि:** एलओए जारी होने की तिथि से 18 महीने **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी:** कार्यालय - वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, **निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय:** 22-07-2026 14.00 तक। **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** निविदायें GEM वेबसाईट (**www.gem.gov.in**) पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध मे कोई भी जानकारी वरि कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प.रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस प्राप्त की जा सकती है।
Apex/118
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

कैप्री ग्लोबल हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड
CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED
पंजीकृत एवं वाणिज्यिक कार्यालय:- 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
मंडल कार्यालय:- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र पैलेस, नई दिल्ली-110060
सार्वजनिक सूचना
इसके द्वारा **शांति लाल (कर्जदार) श्रीमती सुनीता, श्री गोपाल गुर्जर, श्री प्रकाश गुर्जर (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNHLNEE000084326 (पुराना) 51200000832750 (नया)** को सूचित किया जाता है कि **मेसर्स कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** ने अपनी सुरक्षित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है, जिसका विवरण इस प्रकार है: **"वह सारा प्रॉपर्टी का भाग जिसमें भूमि और भवन है, जिसका आवासीय मकान नंबर 57 है, जिसका भूमि क्षेत्र 1626 वर्ग फीट यानी 151.06 वर्ग मीटर है, जो आबादी खसरा नंबर 290, पीएच नंबर 19, वार्ड नंबर 09, ग्राम खेड़ी, ग्राम पंचायत रायसिंहपुरा, तहसील मनासा, नीमच, मध्य प्रदेश - 458113 में है, जिसकी सीमा: उत्तर सड़क, दक्षिण श्री नंदकिशोर के पुत्र श्री राजाराम गुर्जर और गली और अपनी जमीन, पूर्व श्री रामसिंह पुत्र खेमराज गुर्जर का घर, पश्चिम श्री कारूलाल पुत्र श्री मानसिंह गुर्जर का घर।"** उक्त संपत्ति का भौतिक कब्जा **19/06/2026** को सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 14 के तहत (संबंधित अधिकारी) द्वारा पारित आदेश के माध्यम से लिया गया था। कब्जा लेने की तारीख से अब तक, आपको उक्त संपत्ति से अपनी चल वस्तुएँ (सामान) हटाने के कई अवसर पहले ही दिए जा चुके हैं। हालाँकि, आप उक्त परिसर से अपनी चल वस्तुएँ हटाने के लिए कोई कदम उठाने में असफल रहे हैं। इसलिए, संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपना सामान हटा लें और इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर शाखा से संपर्क करें; ऐसा न करने पर, हम आपके सामान को 'अज्ञात और लावारिस संपत्ति' मानकर, बिना किसी और सूचना के, उसका निपटान कर देंगे।
स्थान : नीमच **हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)**
दिनांक : 30-06-2026 **कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के लिए**

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valap